7:14 AM 0.1KB/s 87

Sonbhadra Ne...
epaper.jagran.com

विनय कुमार सिंह आदि रहे। मौजूद रहे।

रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छात्र।

संवाद सहयोगी, जागरण ● सोनभद्र : राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ संयोजक डा. हरिश्चंद्र उपाध्याय व सचिव डा. विकास तिवारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में इंजीनियरिंग कालेज प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया।

संस्थान के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर कुल सचिव डा. अमोद कुमार तिवारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. डीके त्रिपाठी व अधिष्ठाता एकेडमिक डा. हिमांशु कटियार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में मतदान जागरूकता से संबंधित पोस्टर लेकर चुर्क रोड़ व आसपास के बस्तियों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। डा. हरिश्चंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है।

के लिए दूकानदारों ने ली शपथ